डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 128 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 20 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## एमपी में ई-कार पर 25 हजार और दो पहिया ईवी की खरीद में पांच हजार रुपये की मिलेगी छूट

✻ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आकर्षक सब्सिडी और छूट की पेशकश ✻ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का विकास होगा ✻ इलेक्ट्रिक वाहन नीति से पर्यावरण संरक्षण और उर्जा सुरक्षा को बढ़ावा

**भोपाल, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 के तहत अब प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकरण पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। दो पहिया, तीन पहिया वाहन और कार के लिए एक वर्ष तक रोड टैक्स फ्री रहेगा। दो पहिया वाहनों पर पांच हजार, तीन पहिया पर 10 हजार और ई कार पर 25 हजार रुपये की छूट वाहन कर और पंजीयन शुल्क में एक वर्ष के लिए मिलेगी।

बस, स्कूल बस को रोड टैक्स, पंजीयन और परमिट में दो साल तक छूट दी जाएगी। ट्रक, ट्रैक्टर और एम्बुलेंस को केवल वाहन कर और पंजीयन में छूट मिलेगी। चार्जिंग स्टेशन पर 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

### केपिटल सब्सिडी नहीं मिलेगी...

इनमें छोटे, मध्यम और बड़े चार्जिंग स्टेशन में 30 प्रतिशत अनुदान और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के उपकरणों की लागत पर यह सब्सिडी मिलेगी। पहले नीति में केपिटल सब्सिडी देने की तैयारी थी, लेकिन वित्त विभाग की असहमति के बाद किसी भी वाहन पर केपिटल सब्सिडी नहीं मिलेगी।

### 80 प्रति. सरकारी वाहन इलेक्ट्रिक किए जाएंगे...

पांच साल की अवधि की इस नीति में 80 प्रतिशत सरकारी वाहन इलेक्ट्रिक किए जाएंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मध्य प्रदेश में पंजीकृत सभी ईवी को ग्रीन नंबर प्लेट जारी की जाएगी। व्यक्तिगत उपयोग वाले ईवी को सफेद अक्षरों वाली एवं व्यावसायिक उपयोग वाले ईवी को पीले अक्षरों वाली ग्रीन नंबर प्लेट जारी की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर चार्जिंग स्टेशनों के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### सभी पंपों पर लगेंगे इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट...

राजमार्गों, प्रमुख सड़कों पर प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन, राजमार्गों पर प्रत्येक 100 किलोमीटर पर लंबी दूरी/ हेवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक वाहन के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन (दोनों तरफ) लगाए जाएंगे। प्रत्येक एक बाय एक किमी ग्रिड में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन होगा। नीयत अवधि के अंत तक सभी पेट्रोल पंपों पर कम से कम एक इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट लगाया जाएगा।

# हवाला: तस्करों का रुपया जा रहा बाहर..!



## एक लाख रुपए के हवाले पर लेते हैं दो सौ से एक हजार रुपए

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अफीम और उसके सहउत्पादो के साथ ही एमडीएमए की तस्करी के लिए कुख्यात मंदसौर जिले में हवाला कारोबार भी तेजी से फल-फूल रहा है। इसका खुलासा उज्जैन पुलिस की कार्रवाई ने एक बार फिर कर दिया है। जिसमें तस्कर सलमान लाला को हवाला के जरिए रूपए भेजने के आरोप में प्रमोद ककनानी को गिरफ्तार किया गया। इसके पांच साल पहले वर्ष 2019 में भोपाल एसटीएफ ने शहर कोतवाली से 100 मीटर दूरी पर स्थित सम्राट रोड पर एक व्यापारी को पकडक़र 17 लाख रुपए भी जब्त किए थे। हालांकि एक बार फिर हुई इस कार्रवाई के बाद शहर में हवाला का काम करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इस कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो शहर में 8-10 बड़े हवाला व्यापारी हैं। ये एक लाख रुपए का हवाला करने पर 200 से एक हजार रुपए तक वसूलते हैं।**

हवाला कारोबारियों की मानें तो शहर में इस काम में नेताओं के रिश्तेदार भी जुड़े हुए हैं, इसलिए कोई शिकायत भी नहीं होती है और सभी का काम निर्बाध गति से चल रहा है। सबसे ज्यादा तस्करी का रुपया ही हवाला के जरिए मंदसौर से दूसरे शहरों में भेजा जाता है और वहां से आता भी है। इसके अलावा टैक्स चोरी का व्यापार भी नकदी लेनदेन होने से हवाला कारोबारी फल-फूल रहे हैं। अभी भी मंदसौर जिले के अलावा मंदसौर जिले से सटे अन्य क्षेत्रों में कई नामी तस्कर फरारी काट रहे हैं। एक बार फिर उज्जैन पुलिस की कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि हवाला के जरिए तस्करों को रुपया पहुंचाया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की कार्रवाई हुई। इसके पहले भी भोपाल एसटीएफ मंदसौर में कार्रवाई कर चुकी है। इस हवाला के खेल से मंदसौर पुलिस अंजान है, यह बात गले नहीं उतर रही? जबकि, अन्य जिलों की पुलिस और एसटीएफ मंदसौर आकर कार्रवाई कर रही है।

### पहले भोपाल एसटीएफ ने की थी कार्रवाई...

2019 में भोपाल की एसटीएफ ने अफीम तस्करी के भुगतान में हवाला के जरिये रुपए भेजने के मामले में मंदसौर आकर सम्राट मार्ग से एक कथित हवाला कारोबारी त्रिलोकचंद को पकड़ा था। उसके पास से हवाला के 18 लाख 76 हजार 500 रुपए भी मिले थे। सम्राट मार्ग पर स्थित हवाला कारोबारी टूर एंड ट्रेवल्स का बोर्ड लगाकर यह काम कर रहा था। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह जगह शहर कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर थी। वर्षों से यहां हवाला का काम चल रहा था और शहर कोतवाली के पुलिसकर्मियों को मालूम भी न हो, यह बात उस समय भी किसी के गले नहीं उतर रही थी।

### प्रतिदिन चार-पांच करोड़ का होता है कारोबार...

सूत्रों की मानें तो शहर में आठ-दस बड़े सफेदपोश हवाला कारोबारी हैं, जो प्रतिदिन 50 लाख रुपए से लेकर एक करोड़ रुपए तक का हवाला मुंबई, कोलकाता, इंदौर, हैदराबाद, जयपुर, अजमेर, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बैंगलुरु सहित देश के अन्य शहरों में उतारते हैं। जबकि, इस बार तो उज्जैन पुलिस की कार्रवाई ने यह तक प्रमाणित कर दिया कि देश से बाहर भी पैसा जा रहा है। इस मान से सभी कारोबारी मिलकर औसत चार से पांच करोड़ रुपए तक का हवाला करते हैं। बदले में निर्धारित कमीशन तो मिलता ही है।

### अशफाक-चौरड़िया की जोड़ी कर रही कमाल...

हवाला के अवैध और यह कहें कि देशद्रोही कारोबार में प्रमुख रूप से अशफाक और उसकी कंपनी के चौरड़िया सहित कई लोग सीधे जुड़े हुए है। अशफाक के लिए तो यह भी कहा जाता है कि दुबई, कुवैत सहित अरब अमीरात में अगर करोड़ो रूपए भी भेजना हो तो वह उसी दिन उतरवा देता है। हालांकि, पुलिस उसकी तरफ से आंखे मूंदे क्यों बैठी है, यह बात आज तक आमजन को समझ नहीं आ पाई है!

### हवाला कराने वालों को देखकर तय होता है कमीशन...

हवाला व्यापारी भी रुपए भेजने वाले व्यक्ति को देखकर ही कमीशन तय करते हैं। अगर व्यापारी लाइन का व्यक्ति है और आए दिन काम पड़ता रहता है तो उससे प्रति एक लाख रुपए पर 200-400 रुपए तक वसूलते हैं। वहीं अफीम-डोडाचूरा तस्करों से जुड़े लोगों का हवाला भेजने व उतरवाने पर प्रति एक लाख रुपए एक हजार रुपए तक का कमीशन भी लिया जा रहा है। शहर में लक्कड़ पीठा क्षेत्र में संभवत: सबसे ज्यादा हवाला कारोबार हो रहा है। इसके अलावा कालाखेत, शहर किला रोड, नई आबादी व एकाध अन्य जगह से भी हवाला कारोबारी अपने काम में लगे हैं।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में अब उर्दू भी शामिल!

**सिवनी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में होने वाली माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में उर्दू विषय को भी शामिल करें। भर्ती प्रक्रिया में सुधार का यह आदेश चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने देते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड (पीईबी) को शीघ्र निर्णय करने को कहा। सिवनी की फातिमा अंजुम की याचिका पर कोर्ट ने बोर्ड को आदेश दिया कि इस निर्णय से सभी याचिकाकर्ताओं को सूचित करें। यदि याचिकाकर्ता सरकार के निर्णय से संतुष्टनहीं होते हैं, तो उन्हें उचित मंच पर अपनी शिकायत दर्ज कराने का अधिकार होगा। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 2024 की माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में उर्दू विषय के शिक्षक पद को शामिल नहीं किया, जबकि पद खाली पड़े हैं।

**हाईकोर्ट ने इसलिए जारी किया आदेश**–दरअसल, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में छिंदवाड़ा की फातिमा अंजुम ने इस संदर्भ की याचिका लगाई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में उर्दू विषय को भी शामिल करने का आदेश दिया है।

**यह कहा गया था याचिका में**–याचिका में कहा गया था कि उर्दू विषय के शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और पिछले कुछ सालों से यह विषय भर्ती परीक्षाओं में शामिल नहीं था। याचिका में यह भी बताया गया था कि 2018 से 2023 तक चयन परीक्षाओं में उर्दू विषय के शिक्षक के लिए परीक्षा दी गई थी। लेकिन, 2024 की परीक्षा में उर्दू विषय को छोड़कर सभी अन्य विषयों को विज्ञापित किया गया, जिससे उर्दू शिक्षा भर्ती प्रभावित हो रही है। जबकि उर्दू विषय के शिक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं, इन पर भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई है।

# कृषि उपज मंडी में कर्मचारी राज..!

## ✻ छह साल से प्रशासक के भरोसे मंडी की कमान, अध्यक्ष विहीन मंडी में किसान परेशान, कर्मचारियों पर नहीं अंकुश, ✻ मुल्तानी गैंग की अवैध गतिविधियो पर नहीं लग पा रही रोक

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** छह सालों से कृषि उपज मंडी में चुनाव नहीं हुए है। मंडी की कमान प्रशासक के हाथ में है। अपने विभाग और प्रशासकीय कार्यो में व्यस्तता के कारण प्रशासक मंडी की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे है। परिणाम अव्यवस्थाओं के रूप में कई बार सामने आ चुका है। कर्मचारियों की मनमानी के चलते कई बार किसानों का आक्रोश भी देखा गया। रिश्वत केमामले में लेखापाल को ईओडब्ल्यू की टीम ने पकड़ा है। इस बात से साफ है कि कर्मचारी राज कृषि उपज मंडी में चल रहा है। बीते दिनो से कई बार मुल्तानी गैंग मंडी प्रशासन पर हावि होती दिख रही है। फर्जी कट्टो के रसीदो के माध्यम से व्यापारियो से लाखो रूपए की अवैध वसूली भी इस गैंग द्वारा की जा चुकी है। इसमें मंडी कर्मचारियो की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**कई बार किसानों का आक्रोश सड़क पर दिखा**–गर्मी और बारिश में व्यवस्थाओं के अभाव में किसान मंडी में जैसे-तैसे समय गुजारकर नीलामी का इंतजार करते हैं। इसके अलावा अन्य कई समस्याओं के बीच कई बार किसानों का आक्रोश भी देखने को मिला। आए दिन कम भाव को लेकर किसानों द्वारा राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया जाता है। इसका कारण है कि पहले अध्यक्ष को सीधे किसान समस्या बता पा रहे थे। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते समस्या का समाधान भी हो रहा था। लेकिन, अब अफसरशाही मंडी पर हावी हो रही है। मंडी सचिव भी फिल्ड में कभी दिखाई नहीं देते है।

**13 साल पहले हुए थे चुनाव**–मंडी चुनाव के समय से अधिक होने के चलते कृषि उपज मंडियों में बनी समितियां 6 जनवरी 2019 को भंग हो गई थी। इसके बाद मंडियों का कार्यभार प्रशासनिक अधिकारियों के पास आ गया था। क्षेत्र में 2012 में मंडी चुनाव हुए थे। इस हिसाब से देखा जाए तो पांच साल बाद 2017 में चुनाव होने थे। इसमें मंडी समिति का कार्यकाल 6-6 माह की अवधि के लिए दो बार बढ़ा दिया गया था। कार्यकाल के एक साल बढने के बाद 2018 में मंडी चुनाव होने के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन, यह साल भी पूरा ऐसे ही बीत गया। 6 जनवरी 2019 को क्षेत्र की मंडियों में बनी समितियां भंग हो गई थीं, वहीं मंडी का कार्यभार जब तक चुनाव नहीं होते है, तब तक प्रशासनिक अधिकारियों के पास आ गया था।

### दिनेश ट्रेडर्स से भी मुल्तानी गैंग ने ठगे रूपए...

मंगलवार को भी मंडी में मुल्तानी गैंग ने पहले से चोरी किए गए नीलामी कट्टो में से कुछ रसीदे एक मंडी व्यापारी के यहां भेज दी। वहां से लाखो रूपए ले भी लिए। बाद में व्यापारी ने मंडी कार्यालय को शिकायत की तो एक मुल्तानी को पकड़ा भी गया। उससे कुछ रिकवरी भी की गई। लेकिन, पुख्ता कार्यवाही के अभाव में मुल्तानी गैंग व्यापारियो को हैरान-परेशान किए हुए हैं। मंगलवार को मंडी व्यापारी दिनेश ट्रेडर्स को मुल्तानियो ने लपेटे में लिया है। देखना है कि सुस्त मंडी सचिव आखिर कब तक मजबूत फैसले लेकर व्यापारियो को राहत प्रदान करेंगे।

### हाईकोर्ट ने किया था जवाब तलब...

दो साल पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों के चुनाव न कराए जाने के रवैये को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जवाब-तलब किया था। इस सिलसिले में मुख्य चुनाव आयुक्त व मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद विस चुनाव समर शुरु हो गया। बाद में आचार संहिता लग गई। नई सरकार बनने के बाद भी अभी तक मंडी चुनाव की कोई गतिविधि शुरु नहीं हो पाई है।

## नीमच में किसान ने किया सुसाइड

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के गांव पालसोडा में एक किसान ने आत्महत्या कर ली है। घटना मंगलवार रात करीब 09 बजे हुई। पटेल मोहल्ले के रहने वाले दशरथ पाटीदार उम्र 40 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजन और पड़ोसी उन्हें तुरंत नीमच के बड़े अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दशरथ खेती-बाड़ी का काम करते थे। वह कुछ समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे। बुधवार सुबह नीमच बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक आत्महत्या के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जेके जैन को मूल विभाग में भेजा, इंगोले को दिया सांख्यिकी विभाग का प्रभार..!

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में हमेशा चर्चित रहते आए ढांढो के डॉक्टर जेके जैन को प्रमुख विभाग सांख्यिकी से हटा दिया है। लेकिन, उनके स्थान पर फिर पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक को प्रभार दें दिया गया हैं। इससे यह प्रतीत हो रहा हैं की जेके जैन की सेटिंग से ही श्री इंगोले की पदस्थापना हुई हैं।

### चुनाव की शिकायत से ही परेशान थे जैन...

बता दें की चुनाव के दौरान हुई शिकायत से पशु चिकित्सालय के लेब इंचार्ज जेके जैन परेशान हो गये थे। उज्जैन कमिशनर श्री संदीप गुप्ता ने भी मामले को संज्ञान में लिया था। यही कारण बताया गया हैं कि उनकी शिकायत को एल 4 से फिर एल 3 पर भेज कर जिला स्तर पर निराकरण करने के निर्देश दिये गये हैं। इसलिए यह माना जा रहा हैं कि श्री जैन ने अपने अधिकारी श्री इंगोले को सांख्यिकी विभाग का इंचार्ज बनवा कर अघोषित रूप से कमान अपने पास ही रखी हैं। देखना हैं की जिले की तेज तर्रार कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग अब क्या एक्शन लेती हैं?

### जानकारों का कहना...

निर्वाचन की शिकयत को बंद करने के लिए केवल आदेश निकलवाया है। ताकि शिकयत बंद की जा सके। दोनो कार्य आज ही हुए है। संभागीय आयुक्त का 181 बंद कराने का आदेश था। इसलिए ये सब किया गया है।

जनसुनवाई में कलेक्टर को अपनी पीड़ा बताने आई गरोठ की महिला के साथ...

## पुरुष सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य स्टाफ द्वारा किया दुर्व्यवहार अमानवीय कृत्य

### जिला कांग्रेस महामंत्री एवं महिला कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती बबीतासिंह तोमर ने घोर निंदा की, महिला आयोग से कार्यवाही की मांग

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को जनसुनवाई में गरोठ की एक महिला इंसाफ मांगने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय कलेक्टर मैडम से मिलने आई। महिला राजस्व विभाग के अमले से इतनी पीढ़ीत थी कि वह लोटते हुए कार्यालय के अंदर जा रही थी लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि



वहां पर तैनात पुलिस सुरक्षा कर्मी पुरुष थे एवं कलेक्ट्रेट का स्टाफ जो पुरुष था उनके द्वारा महिला के साथ अभद्रता की गई, उसके शरीर के अंगों को हाथ लगाया गया। यह कृत्य सोशल मीडिया के माध्यम से जब मुझे ज्ञात हुआ तो मेरे मन को बहुत ठेस पहुंची कि आखिर महिला कलेक्टर के होते हुए एक महिला के साथ इस तरीके से अभद्रता एवं दुर्व्यवहार होना नींदनिय है। यह बात जिला कांग्रेस महामंत्री एवं महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती बबीतासिंह तोमर ने अपने बयान में कही। श्रीमती तोमर ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश के साथ जिले में महिलाओं और बच्चियों के साथ अभद्र व्यवहार दुराचार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही है लेकिन प्रदेश सरकार के साथ जिला प्रशासन भी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है और मंदसौर कलेक्टर कार्यालय की इस घटना ने पूरे देश में मंदसौर को शर्मशार किया है। श्रीमती तोमर ने इस मामले में राज्य महिला आयोग एवं राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र लिखकर इस मामले को संज्ञान में लेकर दोषी सुरक्षा कर्मियों एवं कलेक्ट्रेट के स्टाफ के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, साथ ही कलेक्टर मंदसौर से भी मांग की है कि इस तरह की घटना भविष्य में ना हो इसका ध्यान रखा जाए।



**नो इंट्री की ऐसी की तैसी**– शहर के मुख्य चौराहो से होकर प्रतिदिन नो एंट्री में करीब 12-15 ओवर लोड ट्रक गुजरते है। शहर के व्यवस्ततम इलाके कालाखेत के मिनी स्टेडियम को मिनी ट्रांसपोर्ट नगर बना दिया गया है।

## डोनीपोलो पर एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्यवाही, जांच जारी

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश की एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम ने बुधवार को शामगढ के डोनीपोलो उद्योग पर दबिश दी। इस दौरान खबरनवीशो को भी कार्यवाही से दूर रखा गया। जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरों दिल्ली की टीम ने एक शिकायत पर शामगढ स्थित स्लीपर प्रोडक्शन इकाई डोनीपोलो फैक्ट्री पर दबिश दी। देर रात खबर लिखें जाने तक एंटी करप्शन ब्यूरों की कार्यवाही जारी थी।



## टीबी मुक्त भारत के तहत जनजागरुकता अभियान प्रारम्भ

**भानपुरा, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर जिला मंदसौर के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय अधिकारी आरके द्विवेदी सर व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ गौरव सीजेरिया जी के निर्देशन व जिला समन्वयक अधिकारी सतीश जी शर्मा के प्रबंधन में आयोजित 100 दिवसीय निश्चय शिविर के तहत आज दिनांक 19/02/25 को भानपुरा तहसील के ग्राम केथुली के प्रसिद्ध 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कैथूली में टी बी मुक्त भारत के तहत जन जागरुकता अभियान की शुरुआत मंदिर में टी बी शपथ लेकर टी बी के प्रति सन्देश घर घर तक पहुचे व घर घर जाकर के टीवी स्क्रीनिंग व शुगर बीपी एक्स रे जांच की गई व टीवी शपथ दिलाई गई व ग्रामवासियों को टी बी के प्रति जन जगरूकता कार्यकर्म किया गया उक्तबशिवर में मेडिकल ऑफिसर, उक्त्, टीबी यूनिट भानपुरा से देवेन्द तिवारी, टी बी एच् व्ही स्वस्थ विभाग की टीम आशा सहयोगिनी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान का संदेश

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जन अभियान परिषद मंदसौर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में नवांकुर संस्थाएं प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था मंदसौर, परेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नोगांवा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाजखेड़ी द्वारा मध्यप्रदेश में 17 धार्मिक नगरियों में मंदसौर नगर पालिका को शराब मुक्त किया गया है संस्थाओं के माध्यम से सभी वार्डों में नशा मुक्ति अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है वार्ड क्रमांक 17 में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कई महिलाओं ने चित्र प्रतियोगिता एवं रंगोली के द्वारा पशुपतिनाथ धार्मिक नगरी मंदसौर को शराब मुक्त किया गया इसलिए मध्य प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया और महिलाओं ने चित्र के माध्यम से शराब से होने वाले नुकसान के बारे में चित्र बनाकर शहर वासियों को संदेश दिया और मध्य प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, रतनलाल चौहान, लाला भाई अजमेरी ,मेंटर्स अनिल सुमन एवं स्वास्थ्य विभाग की कई महिलाएं और वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कुष्ठ कॉलोनी में आज

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मानसेवी सचिव एवं सयुक्त कलेक्टर श्री राहुल चौहान ने बताया कि कुष्ठकॉलोनी, सरस्वती नगर, जिला जेल के पास, महू नीमच मार्ग, मंदसौर पर 20 फरवरी गुरूवार को प्रात: 10:00 बजे से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। चिकित्सा शिविर में नेत्र विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, एम डी मेडिसीन, पैरामेडिकल अपनी सेवाएं देगा। कुष्ठरोग बीमारी से पीड़ित एवं अन्य बीमारी से पीड़ित व्यक्ति शिविर में पहुंचे एवं इसका लाभ उठावे।

## दुर्घटना में 3 माह बाद केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तीन माह पूर्व हुई दुर्घटना के मामले में नाहरगढ पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 27 नवम्बर 2024 को बाइक के पीछे बैठी महिला कयामपुर निवासी कलाबाई पीर घायल हो गई थी। पुलिस ने बाइक चालने वाले इक्कू मुसलमान पर केस दर्ज किया।

# थारो म्हारो प्रेम के प्रोमो शूट में शामिल हुए विधायक जैन



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** थारो म्हारो प्रेम मालवा की पहली रोमांटिक फ़िल्म का निर्माण पर्यटन और मालवी बोली को बढ़ावा देने के लिए शिवना तट पर विराजित अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ जी मंदिर के इतिहास और सुंदर प्रतिमा की भव्यता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की पहल में फिल्म निर्माता निर्देशक राजेंद्र सिंह राठौर के प्रोडक्शन राठौर फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा इस मालवी बोली में फ़िल्म का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बॉलीवुड के कलाकारों और स्थानीय कलाकारों का संगम देखने को मिलेगा। स्थानीय प्रतिभाओं को बॉलीवुड के कलाकारों के साथ काम करके अनुभव और अभिनय की बारीकियां को सीखने का भी मौका मिलेगा।

इस अवसर पर मुंबई से पधारे ऋषभ जैन बाल कलाकार और डीओपी नायक मंजूनाथ का भी बहुमान किया गया। इस दौरान विधायक, मंदसौर विपिन जैन पधारे और क्लैप के साथ भगवान श्री पशुपतिनाथ जी महाराज की पूजा अर्चना पंडित राकेश जी के सानिध्य में की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बंसीलाल राठौर, वरिष्ठ कलाकार संतोष परसाई, पत्रकार रूपेश सोलंकी, कास्टिंग डायरेक्टर नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, पंकज पंवार, सचिन पारिख, खाटू श्याम मंदिर समिति के ट्रस्टी नरेंद्र सिंह चौहान, इंजीनियर दिलीप कुमार जोशी, कवि नंदकिशोर राठौर ,संदीप शर्मा, आशीष सोलंकी ,नेहा सोलंकी, कविता व्यास , हार्दिका दुबे, अर्पित पंवार, आयशा प्रजापत , परी खान, बालक मास्टर शर्मा, वैदिक शर्मा लोकेश शर्मा, बैरागी सर उपस्थित रहे। दशपुर जागृति संगठन के डॉक्टर देवेंद्र पौराणिक, सत्येंद्र सिंह सोम, रविन्द्र पाण्डेय, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी सूत्रधार ने शहीदों की तस्वीर और दुपट्टे से राजेंद्र सिंह राठौर का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा की मालवी बोली में फिल्म का निर्माण निश्चित रूप से इस बोली को, यहां के कलाकारों को सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा इसलिए मैं पूरी प्रोडक्शन टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाइयां देता हूं। आपने आश्वस्त किया कि मेरी ओर से पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। अंचल के जिन कलाकारों को मंदसौर के मेगा ऑडिशन में अवसर नहीं मिल पाया था उनके लिए पुन: सुनहरा मौका मेगा ऑडिशन फ़िल्म थारो म्हारो प्रेम का महाकाल की नगरी उज्जैन में 21 फरवरी, शुक्रवार को श्री गंगा होटल में प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक लिया जा रहा है। अंचल के सभी प्रतिभावान कलाकारों से प्रोडक्शन टीम ने सामूहिक अपील की है कि आप में जुनून है और आप इस क्षेत्र में कार्य करके अपनी अभिनय क्षमता को दिखाना चाहते हैं तो आप सादर आमंत्रित हैं।



**नगर पालिका पर कलेक्टर की नजरे ईनायत–** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने नगर पालिका में सभापति, पार्षदो सहित अधिकारियों–कर्मचारियों की बैठक ली। संभवतः यह पहला मौका है, जब कि वर्तमान कलेक्टर ने नपा पहुंचकर नजरे ईनायत की।

# गेहूं विक्रय हेतु किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक किया जाएगा

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन के संबंध में जारी निर्देशानुसार जिले में किसानों के पंजीयन हेतु 77 पंजीयन केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिये जिले में आगामी 31 मार्च तक स्थापित 77 पंजीयन केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन किया जायेगा। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री नारायण चंद्रावत ने जानकारी दी की आज दिनांक तक 2108 किसानों का जिले में पंजीयन किया जा चुका है।

विगत वर्ष के पंजीकृत किसानों एवं इच्छुक सभी किसानों को नए सिरे से समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए अपना पंजीयन करवाना आवश्यक होगा। जिले में निर्धारित 77 समिति के पंजीयन केन्द्रों पर किसान नि:शुल्क पंजीयन करा सकेंगे। किसान निर्धारित पंजीयन केन्द्र के अलावा अनुमति प्राप्त एमपी आनलाइन कियोस्क, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और साइबर कैफे पर भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर ने जिला उपार्जन समिति को निर्देश दिये हैं कि किसानों को पंजीयन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पंजीयन फार्म इत्यादि का उचित इंतजाम किया जावे। प्रतिदिन पंजीयन कार्य की सघन मॉनिटरिंग की जावे। स्थानीय स्तर पर पंजीयन एवं पंजीयन की व्यवस्था का किसानों, जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों को अवगत कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जावे।

**पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज–**पंजीयन के लिए जमीन की पावती, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट की पासबुक। बैंक अकाउंट से आधार कार्ड लिंक होना चाहिए। यह अति महत्वपूर्ण है। अगर खाते से आधार कार्ड लिंक नहीं है, तो भुगतान अटक सकता है। जिन किसानों के खाते और आधार लिंक ना हों, वह संबंधित बैंक में जाकर अपना खाता आधार से लिंक करवायें। किसान का पंजीयन उसी स्थिति में होगा, जब भू-अभिलेख में दर्ज खाते, खसरा, आधार कार्ड का मिलान हो. तभी किसान पंजीयन हो सकेगा। विसंगति होने पर सुधार कार्य तहसील कार्यालय से होगा।

**किसान स्वयं भी पंजीयन कर सकते हैं–**समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए किसानों को कई जगह रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई है। किसान खुद अपने एंड्रॉयड फोन से एमपी किसान एप्प पर जाकर अपना पंजीयन स्वयं कर सकते है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्र तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र सरकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र कियोस्क, लोक सेवा केंद्र, साइबर कैफे पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

## वित्त, राजस्व एवं लेखा समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर कल नगर पालिका की राजस्व शाखा में नगर पालिका वित्त राजस्व एवं लेखा समिति की बैठक हुई राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में कुल 59 प्रकरणों को मंजूरी मिली इन प्रकरणों में दुकान किराया वृद्धि दुकान नामांतरण उत्तराधिकारी नामांतरण सहित कई प्रकरणों पर सदस्यों पर चर्चा हुई और चर्चा के उपरांत सभी 59 प्रकरणों को मंजूरी प्रदान की गई इस बैठक में समिति सदस्यगण दीपक गाजवा ईश्वर सिंह चौहान एडवोकेट, श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवा ,प्रभारी राजस्व अधिकारी मंगेश रावनवले ,लिपिक उमेश जोशी भी उपस्थित थे।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की संभागीय कार्यकारिणी घोषित

**सिंगोली, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पत्रकारों के सबसे बडे रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के उज्जैन संभाग की कार्यकारिणी घोषित हुई। प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार प्रदेश के कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने संभागीय कार्यकारिणी घोषित करते हुए राजेन्द्र राठौर को पुन: संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही संभागीय कार्यकारिणी में नीमच जिले से वरिष्ठ पत्रकार कपील सिंह चौहान नीमच को संभागीय उपाध्यक्ष, सुरेश कुमावत मनासा को संभागीय सचिव, कैलाश फरक्या रामपुरा को संभागीय संयुक्त सचिव तथा मुकेश माहेश्वरी सिंगोली को संभागीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी जिला महासचिव अविनाश जाजपुरा सहित सभी पत्रकार साथियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए संगठन में सक्रियता आने की बात कही।

## कृष्णानंद सेन छात्रावास का ट्रस्ट भंग

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज मंदसौर की एक बैठक नगरपालिका सभागृह में वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में मंदसौर नगर के कैलाश मार्ग पर स्थित कृष्णानन्द छात्रावास को लेकर व्यापक चर्चा कर सर्वानुमति से महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में सभी समाजजनों ने निर्णय लिया कि कृष्णानन्द सेन छात्रावास की जो भूमि है उसका विक्रय नहीं किया जाएगा। इस छात्रावास पर गुजराती सेन समाज मंदसौर का आधिपत्य है तथा मंदसौर के समाजसेवियों के अथक प्रयास से ही छात्रावास की भूमि को खाली करवाकर उसे सुरक्षित किया गया है। इस छात्रावास की भूमि पर छात्रावास का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस हेतु मंदसौर गुजराती समाजजनों ने निर्णय लिया कि समाज के कुछ व्यक्ति स्वयंभू ट्रस्टी होकर अध्यक्ष बने है तथा ट्रस्टी बने हुए है जिसको गुजराती सेन समाज मंदसौर ने एकमत होकर उन्हें अध्यक्ष एवं ट्रस्टी के पद से निष्कासित कर दिया गया है जिनका अब कृष्णानन्द सेन छात्रावास की भूमि से कोई लेना देना नहीं है। गुजराती सेन समाज मंदसौर पुन: सर्वानुमति से ट्रस्ट का गठन करेगा।

# लता मंगेशकर अलंकरण जैसा समारोह आयोजित होना चाहिए-चन्द्रे



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संपूर्ण मंदसौर जिला साहित्य एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से भरा हुआ है तथा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इनका पोषण होता रहता है किंतु गीत-संगीत से जुड़ा एक भी कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर का, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़ जिले में नहीं होता है। इसलिए मंदसौर जिला मुख्यालय पर मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक मंत्रालय एवं स्थानीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक अखिल भारतीय स्तर का संगीत समारोह आयोजित किया जाना चाहिए ताकि मालवा निमाड़ अंचल सहित निकटतम राजस्थान के कुछ जिलों को भी इसका लाभ मिलेगा एवं गीत संगीत से जुड़ी हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि स्थानीय संगीत महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति एवं इस क्षेत्र के दोनों सांसद, विधायक तथा उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा के प्रयासों से सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा पर्याप्त अनुदान प्राप्त हो सकेगा क्योंकि सांस्कृतिक मंत्रालय के पास इस प्रकार के आयोजन करने लिए राशि आवंटित करने का प्रावधान है। यदि वर्ष भर में एक कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर पर गीत संगीत का होता है तो इससे मंदसौर नगर का नाम मालवा निमाड अंचल सहित आसपास के सभी क्षेत्र में रोशन होगा। स्थानीय संगीत महाविद्यालय की जन भागीदारी एवं नगर के सक्षम वर्ग को इस दिशा में अवश्य प्रयास करना चाहिए।

# राजू कुमार का अभा सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया कि दिनांक 15 से 25 फरवरी 2025 तक आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश सिविल सेवा हॉकी टीम में पी.जी. कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार का चयन हुआ है।

इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग लेते हैं। लगातार तीसरे वर्ष राजू कुमार मध्य प्रदेश की हॉकी टीम में शामिल होकर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खेल अधिकारी राजू कुमार हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं और उनकी यह उपलब्धि कॉलेज एवं शहर के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहित करेगी। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी, कॉलेज प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे एवं अन्य प्राध्यापकों ने राजू कुमार को प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली दुग्ध समितियों की बैठक

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की सभी दुग्ध समितियाँ पशुपालकों को पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित कर, अच्छी नस्ल के दुधारू पशुओं का पालन करवाए और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे। यह बात जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, आत्मार प्रोजेक्ट , जिला केन्द्रीय सहकारी मर्या.बैंक, दुग्ध संघ एवं दुग्ध समितियों के सचिवों की संयुक्त बैठक में पशुपालकों को केसीसी, दुध उत्पादन एवं पशु संख्या बढ़ाने के संबंध में चर्चा करते हुए कही।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव ने दुग्ध उत्पादकों को केसीसी वितरण, सदस्यों की कुल पशु संख्या एवं औसत दुग्ध की आवक, कुल पशु संख्या एवं सदस्यों की पशु संख्या, मिल्क रूट आदि की समीक्षा कर निर्देश दिए गए, कि दुग्ध समितियों के सभी सदस्यों के फार्म भरवाकर उन्हें केसीसी जारी करवाए, जिन सदस्यों का केसीसी है लेकिन इनका नवीनीकरण होना है उनका भी समय पर नवीनकरण किया जाए, कोई भी सदस्य केसीसी के वंचित नही रहे। केसीसी के फार्म माह मार्च तक सभी सदस्यों के बैंक में प्रस्तुत हो जाए। उन्होने प्रति पशु दुग्ध उत्पादन को बढाने, पशुओं को पोष्टिक आहार वितरण की व्यतवस्था करने, मिल्क रूट अनुसार गॉव की जनसंख्या के मान से पशु संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रतिनिधि ने बताया कि गाय, भैस पर बैंक द्वारा लोन सुविधा भी कम ब्याज पर उपलब्ध है, समितियों में सदस्य संख्या बढाने, नवीन समितियां बनाने, बंद समितियों को प्रारंभ करवाने, नवीन दो मिल्क रूट का प्रस्ताव 15 मार्च तक तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दुग्ध संघ को दिए। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ.सी.पी.पचौरी, सहायक संचालक कृषि डॉ.यतिन महेता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के श्री आर.पी. नागदा, दुग्ध संघ के श्री प्रकाश रत्नपारखी, पशु चिकित्सक डॉ.ए.आर.धाकड, सहित 22 से अधिक दुग्ध सहकारी समितियों के सचिव उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-2025 हेतु आवेदन 10 मार्च तक आमंत्रित

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 09 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता- 2025' का आयोजन किया जाएगा।**

प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र अधीक्षक डाकघर, मंदसौर संभाग, मंदसौर को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता संभागीय स्तर पर 16 मार्च 2025 को सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: 25 हजार, 10 हजार एवं 5 हजार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: रु. 50 हजार, 25 हजार एवं 10 हजार तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन विजेता प्रविष्ठियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 03 प्रविष्ठियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। विस्तृत जानकारी नोडल अधिकारी श्रीमति मनीषा मीणा से दूरभाष क्रमांक 07422-242291 पर प्राप्त कर सकते है।

## कलेक्टर ने कुकड़ेश्वर में नवनिर्मित टप्पा कार्यालय का निरीक्षण किया

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कुकडेश्वर में नवनिर्मित टप्पा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर इस नवनिर्मित भवन में उपलब्ध फर्नीचर व अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने टप्पा परिसर में वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नवनिर्मित भवन की गुणवत्ता की सराहना की। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री मुकेश निगम, नायब तहसीलदार श्री नवीन छत्रोले, भी उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद सुश्री नटराजन का किया जाएगा सम्मान



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए कड़ी मेहनत से पूर्व सांसद व गांधीवादी नेता सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने पूरे देश में कांग्रेस पार्टी में अपना एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। सुश्री नटराजन ने छात्र राजनीति से शुरुआत कर पूरे संसदीय क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य करने पर कांग्रेस पार्टी ने सन 2009 मंय मंदसौर संसदीय क्षेत्र से टिकिट दिया और वे सांसद चुनी गई। पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पूरे देश में पंचायती राज संगठन को मजबूत किया। वही केंद्र में कांग्रेस की सरकार ना होते हुए भी सुश्री नटराजन ने कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय रही, जिसके फल स्वरुप अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तेलंगाना राज्य का प्रभारी बनाया। जो मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए अत्यंत ही गौरव की बात है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा तेलंगाना राज्य की प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन का स्वागत, सम्मान समारोह जिला कांग्रेस कार्यालय पर 25 फरवरी 2025 मंगलवार को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। स्वागत सम्मान समारोह के बाद सुश्री नटराजन जिला कांग्रेस कार्यालय पर ही कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा भी करेगी। इस स्वागत, सम्मान समारोह मे अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओ के पधारने की अपील मंदसौर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रहे श्री दिलीप सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, सुभाष कुमार सोजतिया ,पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, श्रीमती पुष्पा भारती पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह गुर्जर, राकेश पाटीदार, परशुराम सिसोदिया आदि ने की हे। इस अवसर पर इस स्वागत सम्मान समारोह में कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठजन, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, मोर्चा संगठन के अध्यक्षगण, मंडलम, सेक्टर के अध्यक्षगण, पार्षदगण व पूर्व पाषर्दगण व समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।



# कलेक्टर ने मनासा सोसायटी में ईकेवायसी शिविर एवं उपार्जन पंजीयन कार्य का लिया जायजा

**मनासा, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मनासा में आयोजित उपार्जन पंजीयन एवं ईकेवायसी शिविर का निरीक्षण कर, जायजा लिया। कलेक्टर ने अब तक की गई ईकेवायसी, उपार्जन पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली और शेष रहे किसानों से घर-घर संपर्क कर उनके ईकेवायसी एवं उपार्जन का पंजीयन करवाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया, सहायक आयुक्त सहकारिता श्री राजू डाबर, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आर.पी.नागदा, तहसीलदार श्री मुकेश निगम भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मनासा सोसायटी के निरीक्षण दौरान प्रबंधक से उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण, किसानों को कृषि टर्म लोन स्वीकृति, फसल बीमा, नेनो, डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी भी ली। उन्होने उपस्थित किसानो से चर्चा कर, शेष रहे किसानों के भी खसरा ईकेवायसी, फार्मर रजिस्ट्री एवं गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करवाने के लिए प्रेरित करने की समझाईश दी।

**मनासा में निर्माणाधीन स्वीमिंगपुल कार्य का निरीक्षण किया–** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा में नगर परिषद मनासा द्वारा वृंदावन तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य एवं निर्माणाधीन स्वीमिंगपुल के कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वींमिंगपुल के पास निर्माणाधीन पार्क में और भी पौधे लगाने और एक अच्छा गार्डन विकसित करने के निर्देश सीएमओ को दिए। उन्होने वृंदावन तालाब, सौंदर्यीकरण कार्य, पाथवे निर्माण कार्य को भी देखा। कलेक्टर ने स्वीमिंगपुल का कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री मुकेश निगम भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की सभी आंगनवाडी केंद्रो में प्रति सप्ताह सेम एवं मेम श्रेणी के अभिभावकों एवं माता-पिता को बुलाकर उनकी काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए। जिससे कि अभिभावक इन बच्चों के पोषण एवं खानपान पर विशेष ध्यान दे सके। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच जिले के मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान मनासा के वार्ड नम्बर 13 की आंगनवाडी केंद्र एवं ग्राम पिपलिया हाडी की बांछडा बस्ती में आंगनवाडी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिए।

इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री मुकेश निगम, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा भी उपस्थित थे। आंगनवाडी केंद्र के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने मनासा एवं पिपलिया हाडी में अपने समक्ष बच्चों का वजन करवाया और उँचाई का नाप करवाया। कलेक्टर ने वजन मशीन का सही वजन आए इसके लिए सभी वजन मशीनों, तौल उपकरणों का सत्यापन करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आंगनवाडी केंद्रों में आंगनवाडी केंद्र खुलने और बच्चों को नाश्ता एवं गरम भोजन प्रदान करने, बच्चों की उपस्थिति ऑनलाईन एप पर दर्ज करने के संबंध में जानकारी ली। उन्होनने बच्चा और उनके अभिभावकों से चर्चा कर आंगनवाडी केंद्र में दो समय सुबह एवं दोपहर में गरम पका भोजन वितरण एवं टीएचआर का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने वार्ड नम्बर 13 मनासा के रहवासियों की मांग पर बस्ती में स्थित नाले का निरीक्षण कर नगरीय निकाय मनासा को इस नाले की साफ सफाई करवाकर, पानी की निकासी करवाने के निर्देश दिए। साथ ही बस्ती वासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय निर्माण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बस्ती के भ्रमण दौरान जल निगम के पाईपलाईन डालने के बाद सीसी रोड के रेस्टोरेशन कार्य का भी बस्ती में अवलोकन किया और रेस्टोईरेशन कार्य गुणवत्ता पूर्व नहीं पाये जाने पर जल निगम महाप्रबंधक को पुन: मनासा के वार्ड नम्बर 13 की बस्ती में रेस्टोरेशन का कार्य संबंधित एजेंसी से तत्काल करवाने के निर्देश दिए। ग्राम पिपलिया हाडी में आंगनवाडी केंद्र के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरपंच सचिव को निर्देश दिए, कि वे आंगनवाडी केंद्र/स्कूल परिसर का सीमांकन करवाए और जीर्ण शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करने बस्तीं में सडक निर्माण एवं नाले पर पुलिया निर्माण कार्य के प्रस्तांव तैयार कर भेजे। कलेक्टर ने निरोग्यम नीमच अभियान के तहत घर-घर सर्वे कार्य का जायजा लिया और शेष रहे बच्चों का टीकाकरण करवाने के निर्देश भी दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- | --- |
| मक्का | 32 | 2252 | 2440 |
| उडद | 22 | 5350 | 6360 |
| सोयाबीन | 4048 | 3500 | 4193 |
| गैहु | 2093 | 3000 | 3252 |
| चना | 42 | 5001 | 5570 |
| मसुर | 179 | 5500 | 6150 |
| धनिया | 591 | 4800 | 6999 |
| लहसुन | 18000 | 3000 | 7500 |
| मैथी | 501 | 3520 | 5972 |
| मुंगफली | 986 | 4000 | 5010 |
| अलसी | 1286 | 5600 | 6034 |
| सरसो | 1563 | 5300 | 5820 |
| तारामीरा | 5 | 4101 | 4101 |
| इसबगोल | 30 | 9000 | 12700 |
| प्याज | 1369 | 917 | 3153 |
| कलोंजी | 6 | 7070 | 16980 |
| तुलसी बीज | 9 | 7000 | 12401 |
| डॉलर | 2 | 7500 | 8403 |
| तिल्ली | 5 | 8201 | 8301 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 10 | 4000 | 6151 |
| असालीया | 231 | 6565 | 7070 |
| चिया | 65 | 9000 | 13300 |

# प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व-डा. यादव

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

**घड़ियाल अभ्यारण्य और मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 फरवरी को चंबल नदी के निकट घड़ियाल अभ्यारण्य का उन्होंने अवलोकन किया। इस अवसर पर 10 घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े गए। प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र बताया।



**कृषक कल्याण-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में किसान कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। चाहे किसानों को धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का विषय हो या प्रति हेक्टेयर फसलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने का विषय हो, इस संबंध में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी, जिससे महाराष्ट्र राज्य भी लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संग्रहण, वॉटर रिचार्ज और सिंचाई क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना एक अनूठी परियोजना होगी जो पृथ्वी के गर्भ में जल भंडारण का कार्य भी करेगी। इस परियोजना से जल स्तर ऊपर आएगा। मध्यप्रदेश के खण्डवा और बुरहानपुर जिलों के सवा लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का विस्तार होगा। परियोजना के संबंध में शीघ्र ही महाराष्ट्र के साथ करारनामा किया जाएगा। केन्द्र सरकार से इस परियोजना के संबंध में आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना वॉटर रिचार्ज की दृष्टि से पूरे देश के लिए प्रेरक परियोजना सिद्ध होगी।

**नई औद्योगिक नीतियां-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश नई औद्योगिक नीतियां लागू कर निवेशकों को आमंत्रत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना है कि उद्योगों की स्थापना में उद्योगपतियों को अड़चनों का सामना न करना पड़े, इस उद्देश्य से नीतियां सरल होना चाहिए। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए इस मंत्र पर अमल कर रहा है। राज्य सरकार ने अनेक उद्योग नीतियों की स्वीकृति प्रदान की है। निवेशकों को नई नीतियां मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करेंगी। निश्चित ही इनसे प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

**खेल क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धि-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हाल ही में उत्तराखंड में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में 82 पदक प्राप्त किए हैं। यह एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स में 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। मध्यप्रदेश ने पदक पदक संख्या के मान से देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों और समस्त प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों से बस्ती विकास योजना और जनसंपर्क निधि के सम्बन्ध में भी चर्चा की। मंत्रि-परिषद की बैठक राष्ट्र गीत वंदे-मातरम के सामूहिक गायन के साथ प्रारंभ हुई।

# जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के नेतृत्व में पूर्व सीएम दिग्विजय का कल होगा ऐतिहासिक स्वागत

## मनासा क्षेत्र में सत्ता पक्ष और विधायक द्वारा प्रोजेक्ट के नाम पर आदिवासी और किसानों के साथ की जा रही ज्यादतियों को लेकर राजा को कराएंगे अवगत

**मनासा, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एंव राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह 21 फरवरी को मनासा आएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री का जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी एंव कांग्रेस नेता आर. सागर कछावा के नेतृत्व में मनासा आगमन पर सावनकुंड में सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ में अगुवानी कर स्वागत किया जाएंगा। पूर्व सीएम को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछावा द्वारा मनासा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे प्रोजेक्ट के नाम पर आदीवासी और किसानों की जमीने धोखे से कंपनीयों द्वारा सत्ता पक्ष और विधायक अनिरूद्व माधव मारू द्वारा औने पौने दामों में खरीद कर उनके साथ धोखा किया गया। इस मामले को लेकर कछावा द्वारा पूर्व सीएम को अवगत कराएंगे।



पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह का कछावा द्वारा उदयपुर एयरपोर्ट पर पहुचकर 20 फरवरी को स्वागत किया जाएंगा। वही दूसरे दिन 21 फरवरी को मनासा आगमन के दौरान गांव सावनकुंड के यहां पर पूर्व सीएम का सैकडो किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजुदगी में 5 क्विंटल गुलाब के फुलो से जेसीबी से वर्षा कर स्वागत किया जाएंगा। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछाव ने बताया कि पूर्व सीएम मनासा में डॉ. व्ही. एम. संघई के जन्म जयंती पर आयोजित स्मरण सभा एंव पंगत में संगत कार्यक्रम में भाग लेगे। इस दौरान उन्हे मनासा क्षेत्र में ग्रीन को कंपनी द्वारा आदीवासी किसानों के साथ में की गई ज्यादतियों के बारे में अवगत कराया जाएंगा। साथ ही ग्रीन को कंपनी द्वारा गांव खिमला में जो विकास करने के दावें किए गए थे वे आज तक कंपनी ने पुरे नही किए। गांव में विकास के नाम पर सिर्फ एक वाटर कुलर लगाया गया है।वही दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा पेयजल के लिए गांव गांव में सीसी सडको को खोद दिया गया। जिन्हे आज तक नही सुधारा गया। वही कंपनी द्वारा गांव दुरगपुरा में ब्लास्टिंग की जा रही है। जिससे ग्रामीणों के मकानो में दरारे आ गई है। कंपनी मनमाने तरिके से मनासा क्षेत्र में काम कर रही है।वही भाजपा सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से भी अवगत कराया जाएंगा। साथ ही पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में निर्दोष लोगो से वसूली कर उन्हे फर्जी तरिके से फंसाया जा रहा है। इस मामले से भी राजा साहब को अवगत कराया जाएंगा।







# दूधिया रोशनी से जगमग संजीत नाका ओवरब्रिज

## 20 लाख रू. की लागत से हुए विद्युतीकरण (विद्युत पोल व एलईडी) कार्य का हुआ लोकार्पण

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा संजीत रोड पर लगभग 20 लाख रू. की लागत से किये गये विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। संजीत नाका ओवरब्रिज पर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग ने 44 विद्युत पोल व 90 एलईडी लगाने का कार्य किया है। नपा परिषद अब इन सभी विद्युत पोल व एलईडी लाइट के संधारण का कार्य करेगी तथा इसके मेंटनेंस को भी संभालेगी। संजीत नाका ओवरब्रिज पर विद्युतीकरण कार्य के पूर्ण होने से पूरा ओवरब्रिज दूधिया रोशनी से जगमग हो उठा है। इससे रात्रि में ब्रिज से आवागमन करने वाले नागरिकों को अंधेरे के कारण वाहन चलाने में जो परेशानी आती थी उसका समाधान हो गया है।

कल संजीत नाका ओवरब्रिज पर सादगीपूर्ण रूप से आयोजित कार्यक्रम में विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता एवं नगरपालिका भाजपा संगठन प्रभारी श्री पारस मावर, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी के विशेष आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी अतिथिगों ने विद्युत स्विच दबाकर विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया। लोकार्पण होते ही पूरा ओवरब्रिज दूधिया रोशनी से जगमगा हो उठा। कार्यक्रम में पधारे अतिथिगणों को स्वागत नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, नपा सभापतिगण निर्मला चंदवानी, क्षेत्रीय पार्षद सत्यनारायण भांभी, दीपमाला मकवाना, पार्षदगण सुनीता गुजरिया, नरेन्द्र बंधवार, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, गरिमा भटी, सुनीता भावसार, पूर्व पार्षद अनिता भांभी, जगदीश मण्डवारिया, निरांत बग्गा, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, बंशी राठौर, नरेन्द्र उदिया बुद्धा, शिवनारायण गुर्जर, यशोधर्मन गुप्ता, किशन राठौर, विठ्ठल गुप्ता, राजेन्द्रसिंह परिहार, एसपी सिंह, लोकेश भार्गव, सुरेश शर्मा संजीत नाका, ओम सेठिया छत्रीवाला, पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रवीण उईके, सचिन गुप्ता, समाजसेवी हेमराज खाबिया, महेन्द्रसिंह परिहार, दीपक शर्मा आदि के द्वारा किया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि इस ओवरब्रिज पर प्रकाश की आवश्यकता थी जो आज पूर्ण हुई है। क्षेत्रवासियों को यह अनुपम सौगात मिली है। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि भाजपा की नपा परिषद व सरकार चहुंमुखी विकास का कार्य कर रही है। मैं नपा को इसके लिये बधाई देता हूँ। पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि श्री कोल्ड चौराहा से साबाखेड़ा फंटे तक पूरे फोरलेन पर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि नपा परिषद विकास के कार्य में शासन के सभी विभागों के साथ समन्वय से कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय पार्षद सत्यनारायण भांभी ने किया।

# जनहित से जुड़े मुद्दों पर पूर्व विधायक सिसोदिया ने सीएम को लिखा पत्र

## हवाई पट्टी पर डामरीकरण, अध्यापक संवर्ग की लंबित क्रमोन्नति और डीए एरियर भुगतान तथा एड्स नियंत्रण कार्य मूल्याकंन मंदसौर से ही कराऐ जाने की मांग की

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेष प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने विभिन्न मुददों को लेकर प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा उन्होंने हवाई पट्टियों के डामरीकरण की मांग सीएम से करने के साथ ही स्कूल षिक्षा मंत्री ण्ण्ण्ण् को अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित क्रमोन्नति और डीए एरियर के भुगतान करने एवं सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा को मध्यप्रदेश एड नियंत्रण कार्यक्रम में कार्य मूल्यांकन जिला स्तर पर ही किए जाने को लेकर पत्र लिखा।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखे पत्र में पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि हवाई पट्टीयों के डामरीकरण पर 5 वर्ष मे एक बार नवीनीकरण (रिन्यूवल) किया जाना प्रस्तावित होता है। वर्तमान में मंदसौर की 2.50 कि.मी. लंबी हवाई पट्टी का डामरीकरण (रिन्यूवल) किये जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है क्योक बीते 5 वर्ष मे डामर का रिन्यूवल नही हुआ हैं। इसलिए मंदसौर सहित प्रदेश की सभी शासकीय हवाई पट्टीयां जिनके रख-रखाव के अंतर्गत नवीनीकरण किया जाना प्रस्तावित है का डामर नवीनीकरण किये जाने के आदेश प्रदान किए जाऐ। श्री सिसोदिया ने स्कूल षिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को भी पत्र लिखा जिसमें उन्होंने अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित क्रमोन्नति और डीए एरियर के भुगतान किये जाने की मांग की और कहा कि राज्य शासन द्वारा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित कमोन्नति के आदेश जारी किये जा चुके है किंतू मंदसौर के जिला शिक्षा विभाग द्वारा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के अध्यापक शिक्षक संवर्ग के अनेक शिक्षको को कमोन्नति के आदेश जारी नही किये गये है। इन्हे डीए एरियर का भुगतान भी नही हो रहा है जबकि मंदसौर जिले के अन्य विकासखंडो एवं संकूल मे कमोन्नति के आदेश जारी किये जा चुके है साथ ही उन्हे डीए एरियर का भुगतान भी प्राप्त हो रहा है। एक ही जिले मे एवं उक्त विधानसभा क्षेत्र को छोडकर अन्य शिक्षको ने शासन के आदेश से लाभ प्राप्त कर लिया है। इस सम्बन्ध में आवष्यक कार्यवाहीं सुनिष्चित की जाऐ। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने प्रमुख सचिव लोकस्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल को मध्यप्रदेश एडनियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश मे जिला स्तर पर अप्रैजल (कार्य मूल्यांकन) जिला स्तर से ही कराये जाने के संबंध मे पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा कि एड नियंत्रण कार्यकम अंतर्गत कार्यरत अधिकारियो एवं कर्मचारियो के अप्रैजल (कार्य मूल्यांकन) जिले के स्तर से ही कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना चाहिऐ।

# डोडाचूरा तस्करी में तीन गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुलिस ने डोडाचूरा पकड़ा। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हें गुरुवार को रिमाण्ड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुखबिर की सूचना पर जलोदिया मार्ग पर बैग लेकर जा रहे दो लोगों को रोका, तलाशी के दौरान उनके कब्जे से करीब सात किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान महोलीकलां, थाना सिदोड़, जिला मरेल कोटला, पंजाब निवासी कुलवंतसिंह (50) पिता गुरमितसिंह जाट व सतनामसिंह (27) पिता चमकावरसिंह जाट होना बाई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जिन्हें एक दिन 20 फरवरी तक पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उक्त डोडाचूरा वह जलोदिया निवासी छगन पिता रमेशचन्द्र गायरी से लेकर जा रहे थे। पुलिस ने छगन के खिलाफ भी केस दर्ज किया, जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया तीनों आरोपियों को गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# वनमण्डल मंदसौर अंतर्गत प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना वर्ष 2025 की तीन दिवसीय गिद्धों की गणना संपन्न

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में 17 फरवरी से प्रारंभ हुई तीन दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना संपन्न हो गई है। यह गणना 17 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच की गई। इस दौरान वन एवम राजस्व क्षेत्रों जहाँ पर गिद्धों की उपस्थिति देखी गई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी और वॉलंटियर्स तैनात रहे। चंबल नदी से लगे उंचे चट्टानी क्षेत्रों, वन एवं राजस्व क्षेत्र में गिद्धों की गणना की गई।

त्रिदिवसीय गिद्ध गणना में मंदसौर जिले में प्रथम दिवस कुल 728, द्वितीय दिवस कुल 992 एवं तृतीय दिवस कुल 1007 गिद्धों की गणना में उपस्थिति दर्ज हुई। इस गणना कार्य में बैठे हुए गिद्धों की ही गणना की गई। इस तीन दिवसीय सर्वेक्षण में सात प्रजातियों के गिद्धों की पहचान की गई, जिनमें भारतीय गिद्ध (लंबी चोंच वाला गिद्ध), सफेद पीठ वाला गिद्ध, राज गिद्ध (लाल सिर वाला गिद्ध), मिस्र का गिद्ध, काला गिद्ध, हिमालयन और यूरेशियन ग्रिफोन शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इनमें से तीन प्रजातियाँ सर्दियों के मौसम में यहाँ अनुकूल वातावरण के कारण प्रवास करती हैं। मंदसौर जिले के गांधीसागर अभयारण्य में गिद्धों की संख्या में यह वृद्धि संरक्षण प्रयासों का परिणाम है, जिसमें डाइक्लोफेनाक, निमेसुलाइड जैसी दवा पर प्रतिबंध, अभयारण्य के आसपास लगे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और गिद्धों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा शामिल है। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे मृत जानवरों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। इस सर्वेक्षण में स्थानीय स्वयं सेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिन्होंने गिद्धों के महत्व और उनकी घटती संख्या के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद की। यह वृद्धि न केवल अभयारण्य के लिए, बल्कि समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में गिद्धों की बढ़ती संख्या से यह स्पष्टहोता है कि सही संरक्षण प्रयासों से संकटग्रस्त प्रजातियों की संख्या में सुधार संभव है।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 27 को

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता मे आयोजित होगी। बैठक 27 फरवरी 2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1:00 बजे होगी।

# युवा संगम मेले में 234 युवाओं का प्राथमिक चयन

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटशिप मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय, गरोठ में आयोजित किया गया। जिसमें 10 कंपनियां मौजूद थी। मदरसन सूमी सिस्टम प्रा. लिमिटेड गुजरात, टाटा बैटरीज़, पुणे, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस मंदसौर, माइक्रो लोगी प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद, मां चामुंडा एंटरप्राइजेज, आईआईएसडी गुड़गांव, गैल इंडस्ट्रीयुट ऑफ़ स्केल गुना, राजस्थान टैक्सटाइल भवानी मंडी, ईप्का रतलाम एवं आर आर पॉवर कम्पनिया मौजूद थी। इसमें 414 युवाओं का पंजीयन किया गया तथा 234 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गए।स्वरोजगार हेतु उपस्थित आठ विभागों के कुल 04 हितग्राहियों एवं 10 स्वयं सहायता समूहों को लगभग 50 लाख रुपए के लोन वितरित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनु प्रिया विनीत यादव अन्य सभी जनप्रतिनिधियों, जिला रोजगार अधिकारी श्री मुकेश मोर्य, विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## भाई ने भाई को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। लोध निवासी रामचन्द्र पिता देवीलाल सूर्यवंशी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रंजिश के चलते मेरे बडे भाई हरिराम पिता देवीलाल सूर्यवंशी ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने हरिराम पर केस दर्ज किया।

## दम्पति पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। खूंटी निवासी कैलाशीबाई पति घनश्याम सूर्यवंशी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रंजिश के चलते कैलाशीबाई सूर्यवंशी व उसके पति मुकेश ने मिलकर गाली-गलौज की व पत्थर फेंके, जिससे चोंटे आई। बीच-बचाव करने आई मेरी सासु भागवंतीबाई पति भागीरथ सूर्यवंशी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया।

## ✻ उठावना ✻

हमारे पूज्य पिताजी श्री शिवचरण सिंह बड़गोती जी का स्वर्गवास दिनांक 18 फरवरी मंगलवार को हो गया है। जिनका उठावना 20 फरवरी गुरुवार को प्रात: 11 बजे निज निवास एम-II, 233, के पास पुरानी पानी की टंकी किटियानी कॉलोनी, मंदसौर पर रखा गया है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**बिशन सिंह (पुत्र), नीलम (पुत्री), विकास, हेमंत (भतीजे), आकाश, आदित्य (पोते), एवं बड़गोती परिवार, मंदसौर**

## ✻ अंतिम यात्रा ✻

मेरी धर्मपत्नी, बंशीलाल, कैलाश (काका) की भाभी जी एवं गोपाल, गोविंद की पूज्य माताजी, व जगदीश, मैनाक की बड़ी माँ एवं प्रिंस, मयंक, अमन, सोम, दैवीक की दादीजी तथा प्रसंग की पड़दादी श्रीमती मोहनबाई का निधन दिनांक 19 फरवरी बुधवार को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार दिनाँक 20 फरवरी 2025 को प्रात: 10 बजे निज निवास सब्जी मंडी के पास शिव मंदिर के सामने से टीलाखेड़ा मुक्तिधाम जाएगी।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कन्हैयालाल भूत एवं समस्त भूत परिवार, (लसुड़ियां राठौर वाला) पिपलियामंडी**

# जिले भर के दस्तावेज़ लेखक और स्टाम्प वेंडर भी वकीलों का देंगे साथ, काम रखेंगे बंद

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालयीन कार्यों में दस्तावेज़ लेखक और स्टाम्प वेंडरों का वकीलों के साथ कार्य करने का एक ताना-बाना बना रहता है, जिसमें न्याय की सुरक्षा चादर बनाकर मुवक्किल को ओढ़ाई जाती है। इसी रिश्ते की रोशनी में अब जिले भर के दस्तावेज़ लेखक और स्टाम्प वेंडर भी वकीलों का साथ देते हुए अपना काम बंद रखेंगे।

अभिभाषक संघ के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पँवार ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का कड़ा विरोध करते हुए इसे वकीलों के अधिकारों और स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है। यह विधेयक न केवल अधिवक्ताओं के काम करने की स्वतंत्रता को बाधित करता है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका को भी कमजोर करता है। इसलिए कल जिले भर के समस्त अभिभाषक न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे। वहीं, सचिव प्रवीण जैन के अनुसार न्यायालय परिसर में ही समस्त अधिवक्ता गण दोपहर दो बजे एकत्र होकर अत्यंत सादगी और शांतिपूर्ण तरीके से अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

# अवैध परिवहन करते हुए पांच डम्पर और तीन ट्रेक्टर जप्त

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 17 से 19 फरवरी 2025 की प्रात: तक खनिजों का अवैध परिवहन करते हुए कुल आठ वाहन जप्त किये गये।



जिला खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान ने बताया कि जिले में जावद, नीमच, जीरन तथा डीकेन एवं रतनगढ क्षेत्र में कार्यवाही की गई। डीकेन, रतनगढ रोड़ पर तीन डम्पर रेत का अवैध परिवहन करते हुए, जिनमें से एक डम्पर क्र. आर.जे.9जी.एफ.8605 तथा दो अन्य डम्पर बिना नंबर के जिनका चेचिस क्र. एम.ए.टी. 466458 के 3 सी 07222, एम.ए.टी. 781004 एम 3के 22046 जप्त किये गये। एक डम्पर जिसका पंजीयन क्र. आर.जे. 09जी.बी. 3700 मुरूम का सुवाखेडा में एक डम्पर जिसका पंजीयन क्र. आर.जे.09 जी.सी.0155 मुरूम का खेताखेडा में तथा तीन ट्रेक्टर जिसका पंजीयन क्र. क्रमश: एम.पी. 44ए.बी. 5902, एम.पी. 44ए.ए.6885, एम.पी. 44ए.ए. 5608 है, महेशपुरिया, सुवाखेडा, एवं नीमच सिटी में खण्डा, गिट्टी एवं रेत का परिवहन करते हुए जप्त कर डीकेन पुलिस चैकी, जीरन थाना, जावद एवं नीमच सिटी थाने पर पुलिस अभिरक्षा में दिये गये है। इस संपूर्ण कार्यवाही में खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान, सहायक खनिज अधिकारी श्री गजेन्द्रसिंह डाबर, खनिज सर्वेयर श्री सुनिल जाधव एवं होमगार्ड सैनिक श्री राजेन्द्रसिंह, श्री जितेन्द्रसिंह, श्री बलवंतसिंह, मुकेश शामिल थे। इन सभी वाहनों के प्रकरणों को अर्थदण्ड की कार्यवाही हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किया जा रहा है। खनिज अधिकारी श्री खान ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।


**सेल्समेन की आवश्यकता**

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।

✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता

✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻

**प्रदीप मोबाईल**

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988



श्री ज्ञान सागर हाई स्कूल सेमलिया हीरा

सक्षम और समर्पित एक शिक्षक की

आवश्यकता है

अच्छे अनुशासित और अनुभवी प्राचार्य की जरूरत है

श्री प्रज्ञगरी से जूनियर हाई स्कूल तक

अंग्रेजी | हिंदी | गणित

और

कक्षा 12वी विज्ञान, गणित, कला और वाणिज्य के लिए

शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षक की आवश्यकता है

कक्षा 9वी से 12वी तक हिंदी और अंग्रेजी दोनो माध्यम उपलब्ध है



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356


समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।


फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in